हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 49 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 15 अप्रैल से 21 अप्रैल 2022

# दिल्ली में कोरोना ने पकड़ी फिर से रफ्तार

## बुधवार को मिले 299 नए केस

**नई दिल्ली.** दिल्ली में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में फिर से तेजी आ गई है. दिल्ली सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट ने बुधवार को जो आंकड़ा जारी किया है, वह काफी चौकाने वाला है. दिल्ली में न केवल कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, बल्कि संक्रमण दर भी लगातार बढ़ रहा है. दिल्ली में बुधवार को कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 299 तक पहुंच गई है. बीते 24 घंटे में दिल्ली में 173 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी मिली है. वहीं, संक्रमण दर बढ़ कर अब 2.49 प्रतिशत तक पहुंच गया है. गौर करने वाली बात है कि होली से पहले दिल्ली में संक्रमण दर एक प्रतिशत से ऊपर थी और होली के बाद यह गिरकर 0.87 प्रतिशत के करीब तक पहुंच गई थी. मगर अब संक्रमण दर फिर से बढ़ने लगा है. राष्ट्रीय राजधानी में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के केस बढ़ते जा रहे हैं. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दो दिन पहले ही मीडिया के सामने कहा था कि हम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं.



गौरतलब है कि बीते 13 जनवरी को दिल्ली में कोविड-19 के रिकॉर्ड 28,867 मामले आए थे. दिल्ली में 14 जनवरी को संक्रमण दर 30.6 प्रतिशत दर्ज की थी. दिल्ली में कोरोना की जांच के लिए बुधवार को 7411 टेस्ट हुए. हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कोरोना वायरस के नए मामलों और मौत की संख्या में लगातार तीसरे सप्ताह कमी आई है. डब्ल्यूएचओ ने मंगलवार देर रात महामारी पर जारी अपनी नवीनतम साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा कि सामने आए 70 लाख से अधिक नए मामलों में एक सप्ताह पहले की तुलना में 24 प्रतिशत की कमी आई है.






# एनसीपी प्रमुख शरद पवार बोले, कांग्रेस के बिना तीसरा मोर्चा संभव नहीं

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने मुंबई में बुधवार को कहा कांग्रेस के बिना तीसरा मोर्चा संभव नहीं है। मनसे द्वारा राज्य सरकार को तीन मई तक मस्जिदों में लाउडस्पीकर बंद करने की चेतावनी पर शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। महंगाई और बेरोजगारी पर बोलने का समय है, लेकिन इस पर कोई नहीं बोलता। गत दिनों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने कहा था कि उन्हें संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का अध्यक्ष बनने में कोई रुचि नहीं है और न ही वे किसी भाजपा विरोधी मोर्चे का नेतृत्व करना चाहते हैं। हालांकि, यदि इस प्रकार का कोई मोर्चा बनता है तो वे उसका पूरा समर्थन और सहयोग करेंगे। पवार ने यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा का विकल्प देने के उद्देश्य से यदि कोई पहल शुरू की जाती है तो



उससे कांग्रेस को बाहर नहीं रखा जा सकता। कुछ दिनों पहले दिल्ली में राकांपा की युवा इकाई के अध्यक्ष ने पार्टी की बैठक में पवार को संप्रग अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा था। इस बैठक में खुद पवार भी मौजूद थे।कोल्हापुर में पत्रकारों द्वारा इस संबंध में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि मैं इस तरह की कोई जिम्मेदारी नहीं लूंगा। यदि भाजपा का विकल्प तैयार करने की कोई पहल होती है तो मैं उसे सहयोग और समर्थन देने को तैयार हूं। पवार के अनुसार, जब विपक्ष को साथ आने की बात कही जाती है तो कुछ बातों की अनदेखी नहीं की जा सकती। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत पार्टी है। इसी तरह कई और क्षेत्रीय पार्टियां अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत हैं। कांग्रेस की अखिल भारतीय स्तर पर मौजूदगी आज भी है।

## महाराष्ट्र सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे की बिगड़ी तबीयत,

### दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे धनंजय मुंडे की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री धनंजय मुंडे को दिल का दौरा पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार, धनंजय मुंडे की हालत स्थिर बतायी जा रही है, डाक्टरों का कहना है कि चिंता की कोई बात नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को वह जनता दरबार कार्यक्रम में गए थे। शाम साढ़े पांच बजे वहां से लौटते समय उनकी छाती में दर्द होने लगा जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने उनका चेकअप कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया। अभी उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने भी फोन कर उनकी तबीयत का हाल जाना। अगले सात दिन तक उन्हें डाक्टरों की निगरानी में रखा जाएगा।



# भाजपा नेता किरीट सोमैया को बांबे हाई कोर्ट से मिली सशर्त राहत, जांच में सहयोग करने को कहा



**मुंबई,** महाराष्ट्र में बांबे हाई कोर्ट ने बुधवार को विमानवाहक पोत विक्रांत को बचाने के लिए इकट्ठा किए गए चंदे को लेकर आरोपों में घिरे भाजपा नेता किरीट सोमैया को गिरफ्तारी से सशर्त राहत दे दी। हाई कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि प्राथमिकी में लगाए गए आरोप अस्पष्ट हैं। आरोप मुख्य तौर पर मीडिया रिपोर्टों पर आधारित हैं। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई की पीठ ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तारी की स्थिति में सोमैया को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा किया जाए। अदालत ने सोमैया को मामले में पुलिस की जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। उनसे कहा गया है कि इस मामले में 18 अप्रैल से चार दिनों तक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे के


## तलवार उठाने से बढ़ी MNS प्रमुख राज ठाकरे की मुश्किलें, आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज होगा मामला



**मुंबई।** महाराष्ट्र गृह विभाग के अनुसार मनसे प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। बता दें कि ठाणे में एक कार्यक्रम के दौरान राज ठाकरे ने तलवार उठाई थी।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर महाविकास अघाड़ी सरकार 3 मई तक मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने में विफल रहती है तो राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राज ठाकरे ने उनकी मांगें नहीं मानने पर मस्जिदों के बाहर बार-बार हनुमान चालीसा बजाने की धमकी दी।राज ठाकरे ने ठाणे में रैली में कहा कि सभी मौलवियों के साथ बैठकें करें और मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटा दें। 3 मई के बाद जिस मस्जिद के बाहर लाउडस्पीकर दिखा वहां हनुमान चालीसा बजायी जाएगी।

## मनी लांड्रिंग केस में ईडी ने जब्त कीं महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की कई संपत्तियां



मुंबईः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के जेल में बंद मंत्री नवाब मलिक की कई संपत्तियां अस्थायी तौर पर जब्त कर ली हैं। ये संपत्तियां मनी लांड्रिंग कानून के तहत जब्त की गई हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में जानकारी दी है कि उसने मोहम्मद नवाब मोहम्मद इस्लाम मलिक उर्फ नवाब मलिक, उनके परिवार के सदस्यों, उनकी कंपनियों सालिडस इन्वेस्टमेंट्स प्रा.लि. व मलिक इन्फ्रास्ट्राक्चर के नाम की संपत्तियां अस्थायी तौर पर जब्त करने के आदेश दिए हैं। इन संपत्तियों में मलिका परिवार के कुर्ला स्थित तीन फ्लैट, बांद्रा स्थित दो फ्लैट, कुर्ला का ही गोवावाला कंपाउंड एवं एक अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान तथा उस्मानाबाद स्थित 147.79 एकड़ कृषि भूमि शामिल हैं। नवाब मलिक को गोवावाला कंपाउंड के ही एक संदिग्ध सौदे के सिलसिले में इसी साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था। वह तभी से जेल में हैं। ईडी का आरोप है कि नवाब मलिक की पारिवारिक कंपनी सालिडस इन्वेस्टमेंट्स प्रा.लि. के जरिए मुनीरा प्लंबर एवं उसकी मां मरियम बाई की कुर्ला स्थित संपत्ति गोवावाला कंपाउंड माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर के साथ मिलकर कौड़ियों के मोल हड़प लिया था।

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## भाजपा का विजय रथ

भाजपा ने अपना 42वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया तो इसका एक बड़ा कारण हाल में संपन्न पांच राज्यों के चुनावों में से चार में शानदार जीत हासिल करना भी है। इनमें उत्तर प्रदेश की जीत ने उसे विशेष ऊर्जा प्रदान की है। 1980 में जनसंघ से भाजपा में परिवर्तित हुई इस पार्टी ने बीते 42 वर्षों में जैसी सफलता प्राप्त की है, वह चमत्कारिक ही है। 1984 में भाजपा के पास केवल दो लोकसभा सदस्य थे, लेकिन आज उनकी संख्या तीन सौ से अधिक है और वह सदस्य संख्या के हिसाब से देश ही नहीं, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। राज्यसभा में भी भाजपा ने सौ का आंकड़ा छू लिया है। इसके अलावा सहयोगी दलों के साथ वह 18 राज्यों में सत्ता में है। मात्र चार दशक में भाजपा देश की राजनीति का केंद्र बिंदु बन गई है तो इसके पीछे उसके नेताओं की मेहनत और लगन है। एक समय भाजपा को शहरी मध्य वर्ग के बीच असर रखने वाली पार्टी माना जाता था, लेकिन आज वह सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व करती है। वह ऐसा करने में इसीलिए समर्थ रही, क्योंकि उसने देश, काल और परिस्थितियों के हिसाब से अपनी रीति-नीति तो बदली, लेकिन ऐसा करते समय अपनी मूल विचारधारा से समझौता नहीं किया। यही उसकी सफलता का सबसे बड़ा कारण हैजहां भाजपा अपनी मूल विचारधारा पर टिके रहकर अपना जनाधार बढ़ाने में जुटी रही, वहीं उसके विरोधी दल अपनी विचारधारा से भटकते रहे। इनमें कांग्रेस सरीखा राष्ट्रीय दल भी है। आज किसी के लिए और यहां तक कि खुद कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि कांग्रेस की विचारधारा क्या है? जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है, तो कई के पास तो कोई विचारधारा ही नहीं। यह समझा जाना चाहिए कि बिना विचारधारा के किसी भी दल के लिए लंबी दूरी तय करना कठिन होता है। अपनी विचारधारा को सबसे बड़ी शक्ति मानने वाले भाजपा के नेता और उसके प्रतिबद्ध कार्यकर्ता आम जनता को यह संदेश देने में सफल रहे हैं कि यह दल देश के उत्थान के लिए कहीं अधिक समर्पित है। भाजपा ने अपने विस्तार के क्रम में दूसरी पार्टी के नेताओं को आत्मसात करने के साथ कई अन्य दलों का सहयोग लिया, लेकिन यह कहना कठिन है कि वह उन सभी को अपनी विचारधारा से ओतप्रोत कर सकी।

# हमें आज भी राह दिखाते बाबा साहब



यह भारतीय समाज का सौभाग्य रहा है कि इसको 20वीं शताब्दी में आत्म-निरीक्षण की क्षमता पैदा कर सकने वाले चिंतकों और नायकों का मार्गदर्शन मिला। दुनिया के कई समाजों में आत्म-निरीक्षण की क्षमता के अभाव में गृह युद्ध से लेकर विदेशी ताकतों की गुलामी तक की दुर्घटनाएं हुई हैं। भारत में जाति व वर्ग से जुड़े भेदभाव और धर्म से जुड़ी कटुता के कारण समाज के विघटन व अराजकता की बारंबारता का खतरा था। लेकिन महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरोजनी नायडू, नरेंद्र देव और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जैसे मनीषियों ने भारतीय समाज का विविध तरीकों से मार्गदर्शन किया। भारतीय जनजागरण में राजनीतिक न्याय की भूख स्वतंत्रता आंदोलन ने पैदा की। इसी के समानांतर सामाजिक और आर्थिक अन्यायों से मुक्ति पाने का सपना सामाजिक न्याय और आर्थिक समता से जुड़ी विचारधारा, आंदोलनों और संगठनों ने पैदा किया। डॉ आंबेडकर के योगदानों के मूल्यांकन की हर कोशिश में यह अद्भुत सच सामने आता है कि उन्होंने इन तीनों प्रकार के स्वराज के लिए जरूरी आत्म-चिंतन और सांविधानिक समाधान की जरूरत को पूरा करने में अतुलनीय योगदान किया है।डॉ आंबेडकर के बारे में तीन प्रकार की मनोवृत्ति से हम सब अवगत हैं। अधिकांश लोग उनको भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पी मानते हैं। भारत के आधुनिक राजनीतिक इतिहास के जानकारों में इसको लेकर व्यापक सहमति है कि करीब 300 सदस्यों वाली संविधान सभा में 1946 से 1949 के बीच में सबसे ज्यादा जिम्मेदारी से डॉ आंबेडकर ने अपनी भूमिका का निर्वाह किया था। दूसरी तरफ, भारतीय जाति-व्यवस्था से जुड़े आंदोलनों में उनको एक महान समाज विज्ञानी और समाज सुधारक का दर्जा प्राप्त है। तीसरा समुदाय उन लोगों का है, जिन्होंने डॉ आंबेडकर की प्रेरणा से धर्म-परिवर्तन किया और बौद्ध भारत का हिस्सा बने।

इन तीनों छवियों को मिलाकर जो तस्वीर उभरती है, वह हमें आंबेडकर की जीवन-यात्रा के प्रति आकर्षित करती है। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि एक साधारण फौजी पिता और निरक्षर मां के अनेक बच्चों के बीच जन्म से शुरू हुई उनकी जीवन-यात्रा मामूली पाठशाला में अक्षर-ज्ञान प्राप्त करने के बाद भारत, ब्रिटेन, जर्मनी व अमेरिका के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों की उच्चतम उपाधियों तक पहुंचती है। दूसरी तरफ, राजनीति के तमाम अंतर्विरोधों को अपनी सूझ-बूझ से सुलझाते हुए ब्रिटिश वायसराय के सलाहकारों की अग्रिम पंक्ति में शामिल होने के बावजूद अगले चार वर्ष में पहले संविधान सभा और फिर स्वाधीन भारत के पहले मंत्रिमंडल के शिखर व्यक्तित्वों के तौर पर सम्मानित होने का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। अब अगर हम ज्ञानसाधक के रूप में उनको देखें, तो उनकी रचनाओं का दायरा हमें चमत्कृत करता है। धर्मशास्त्रों से लेकर आधुनिक देशों के संविधान तक, हिंदू धर्म से लेकर इस्लाम, ईसाई, सिख और बौद्ध धर्म के बारे में आध्यात्मिक सिद्धांतों का गहन विश्लेषण, जाति-व्यवस्था से लेकर स्त्री-पुरुष की गैर-बराबरी और हिंदू-मुस्लिम दंगों तक का समाज वैज्ञानिक विश्लेषण और स्वाधीनोत्तर भारत के राष्ट्र-निर्माण के लिए जरूरी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक व तकनीकी उपायों की प्रस्तुति यदि किसी एक व्यक्ति में दिखती है, तो वह सिर्फ आंबेडकर हैं।

इस गौरव-गाथा से यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी जिंदगी छोटी सफलताओं से बड़ी सफलताओं की ओर लगातार बढ़ते जाने का आख्यान है। नको जनता की राजनीति में, विशेषकर चुनाव के चक्रव्यूह में बहुत कम मौकों पर सफलता मिली। भारतीय संविधान सभा से लेकर लोकसभा तक के चुनावों में विरोधी उनको हराने में सफल रहे। दलितों के साथ श्रमजीवियों की एकता का उनका प्रयास न सिर्फ पूंजीपतियों और जातिवादियों, बल्कि वामपंथियों के असहयोग से असफल हुआ। हिंदुओं के बीच में जाति संबंधी पारंपरिक अन्याय को दूर करने के उनके आह्वान को प्रभु जातियों ने अनसुना किया। दलितों के बीच भी निर्धन और निरक्षर स्त्री-पुरुषों की तुलना में पढ़-लिखकर साधन संपन्न हुए दलित मध्यम वर्ग से बाबा साहब बेहद निराश हुए। उन्होंने कई पत्र-पत्रिकाएं भी निकालीं, मगर साधन के अभाव में ज्यादातर की अकाल मृत्यु हो गई। उनका राजनीतिक संगठनकर्ता के रूप में भी विशेष सफलता का इतिहास नहीं है। इसलिए, भारत की नई पीढ़ी को आंबेडकर की जिंदगी से असफलताओं के बीच सफलता की रचना और चौतरफा विरोध के बावजूद आत्मबल और ज्ञान-बल के जरिये समर्थन का निर्माण करना सीखना चाहिए।

आंबेडकर अपने समय में सैद्धांतिक दृढ़ता और व्यावहारिक लचीलेपन का अद्भुत उदाहरण भी थे।

इधर कुछ राजनीतिक दलों ने बाबा साहब को अपनी कुरसी की छतरी बनाने की कोशिश कर एक दिलचस्प बहस को आगे बढ़ाया है। 1960 के दशक में उनके कर्मयोग की आधार-भूमि महाराष्ट्र में विश्वविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर करना व्यापक सामाजिक उथल-पुथल का कारण बन गया था। मगर अब पंजाब जैसे सुदूरवर्ती प्रदेश में सत्ता में आई एक नई पार्टी ने मुख्यमंत्री की छतरी के रूप में महात्मा गांधी की तस्वीर की जगह भगत सिंह और बाबा साहब की तस्वीर लगाने का फैसला करके एक नया समीकरण बनाने की चेष्टा की है।एक क्रांतिकारी और एक संविधानवादी का गठजोड़ बनाया गया है। एक नास्तिक और एक बौद्ध धर्म के अनुयायी को मिलाया गया है। इसमें क्या बाजीगरी है, यह तो कुछ समय बाद ही पता चलेगा.

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने देखा कृषि उत्पादन सेक्टर के 7 विभागों का 100 दिन का प्लान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश तिलहन और दलहन के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहेगा, बल्कि दोनों का उत्पादन बढ़ाकर सूबे को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। जिस तरह से आबादी बढ़ रही उसमें खाद्य तेलों की जरूरत के लिए अभी केवल 30-35 प्रतिशत तिलहन का उत्पादन हो रहा है,

जबकि दलहन का उत्पादन 40 से 45 प्रतिशत ही है। इसे मांग के अनुरूप उत्पादन तक लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। इसमें लघु व सीमांत किसानों की भूमिका अहम होगी।

बुधवार को मंत्रिपरिषद के सामने कृषि उत्पादन सेक्टर के सात विभागों की सौ दिन कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी विभाग आम आदमी को सुविधाएं देने के साथ ही रोजगार के अवसर भी तलाशें। जो योजना शुरू करें उसे समयबद्ध रूप से पूरा भी किया जाए।

यह भी निर्देश दिया कि 100 दिन के बाद जनता के सामने विभागों को अपने कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत



करना होगा। उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं के लिए धनराशि की कमी नहीं है लेकिन वित्तीय संतुलन का ध्यान जरूर रखें और खर्चों में कटौती करें। \रविवार को नहीं जमा होंगे बिजली के बिल। यूपी में 17 अप्रैल को नहीं उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि करने के लिए संकल्पित है और पांच वर्ष में प्रदेश में ऐसा परिवेश तैयार किया जाए, जहां शानदार कृषि व्यवस्था हो और खाद्यान्न व पोषण की सुरक्षा हो। कृषि विज्ञान केंद्र को सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं, केंद्रों पर इंफ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त हैं।

हर सेंटर में एक प्रोसेसिंग यूनिट जरूर हो, ताकि इसका किसानों को लाभ मिले।

सीएम योगी ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीक व पारंपरिक कृषि विज्ञान का अपेक्षित उपयोग किया जाए। कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान को कृषकोन्मुखी और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले खैराबाद के महंत बजरंग मुनि को खैराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

## यूपी में 17 अप्रैल को नहीं जमा कर सकेंगे बिजली बिल, आनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी रहेगी ठप





**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ता इस रविवार को आनलाइन बिल जमा नहीं कर सकेंगे। 16 अप्रैल यानी शनिवार शाम 18.30 बजे से 17 अप्रैल की रात्रि 21.30 बजे तक प्रदेश के सभी बिल जमा करने के केंद्र बंद रहेंगे। बिजली संबंधी किसी तरह की शिकायत भी आनलाइन नहीं दर्ज कराई जा सकेगी।वजह, उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली का तकनीकी परीक्षण होने जा रहा है जिसके चलते आनलाइन प्रक्रिया पूरी तरह से ठप रहेगी। आनलाइन सुविधाएं इसलिए 24 घंटे से अधिक ठप रहेंगी क्योंकि डाटा सेंटर के शक्ति भवन स्थित सिस्टम को नोएडा स्थित डीआर सेंटर पर ट्रांसफर किया जाना है।

पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी केके सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल यानी शनिवार शाम 18.30 बजे से 17 अप्रैल की रात्रि 21.30 बजे तक प्रदेश के सभी बिल जमा करने के केंद्र बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान 1912 पर शिकायत भी नहीं की जा सकेगी।

## बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की सुरक्षा और सख्त


## बाडी वार्न कैमरों से लैस जेल कर्मी कर रहे निगरानी

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी सहित पूरे जेल की सुरक्षा अब और चाक-चौबंद कर दी गई है। बैरक के आसपास सीसीटीवी के साथ सुरक्षा में लगे जेल स्टाफ को बाडी वार्न कैमरों से लैस किया गया है। 28 मार्च को जब मुख्तार को लखनऊ पेशी में ले जाना था, उससे पहले बांदा जेल से यह बात लीक हो गई थी, इसी के बाद यह कदम उठाया गया है।मुख्तार अंसासी के बांदा में रहने वाले करीबी लोग पुलिस की राडार पर हैं। पेशी में जाने की बात लीक होने के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को चिंहित किया है। जिसमें यह बात भी सामने आ रही है कि कुछ लोग उसके स्वजन से मिलने पूर्व में मऊ तक जा चुके हैं। उसके परिवार के लोगों से इन कारखासों के अच्छे ताल्लुक बन चुके हैं।



जिससे वह पल-पल की खबरें वहां तक पहुंचाते हैं।पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी को पिछले वर्ष 2021 की छह अप्रैल को पंजाब की रोपड़ जेल से बांदा भेजा गया था। एक वर्ष से मुख्तार यहां के मंडल कारागार में बंद है। उसके यहां आने से जेल की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह हाइटेक बनी है। पीएसी से लेकर बंदी रक्षकों की स्पेशल ड्यूटी सुरक्षा में लगाई जाती है। प्रतिमाह गैर जनपद के बंदी रक्षकों बदले जाते हैं। सीसीटीवी कैमरे व बाडी वार्न कैमरों से निगरानी हो रही है।मुख्तार से जुड़ी खास बातों को गोपनीय रखा जाता है। लेकिन 28 मार्च को जब मुख्तार को लखनऊ पेशी में ले जाना था। इसके पहले बांदा से यह बात लीक हो चुकी थी। मुख्तार अंसारी के मऊ विधायक पुत्र अब्बास ने ट्वीट कर अनहोनी की आशंका जाहिर की थी। खबर कैसे लीक हो गई अधिकारियों के कान खड़े हो गए थे।पुलिस ने अपने स्तर से मामले की जांच की तो कुछ ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जो मुख्तार के काफी करीबी बने हैं। मददगार के रूप में वह मऊ मुख्तार के स्वजन व खास लोगों से भी मिल चुके हैं। उनके कारखास बनकर मदद करते हैं। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ऐसे लोगों पर बराबर नजर रख रही है। एएसपी लक्ष्मी निवासी मिश्र ने बताया कि जांच के कोई आदेश नहीं मिले हैं। लेकिन ऐसे लोगों का पता कर बराबर नजर रखी जा रही है। पेशी के दौरान मुख्तार अपनी सुरक्षा और जेल कर्मियों पर बदसलूकी का आरोप लगाता रहा है। हाल ही में उसके बेटे और विधायक अब्बास अंसारी ने भी सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए थे,

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

अन्यथा डर है कि वह तीसरे प्रेम में नीचे गिर जाएगा। अभी मौका था, कि वह पहले प्रेम की तरफ ऊपर उठ जाए। गुरु उसे सिखाएगा कि यह जो कलह थी, यह कलह प्रेम के कारण न थी। यह कलह अहंकार के कारण थी। प्रेम में जो तुम्हें दुख मिला प्रेयसी से, प्रेमी से जो तुम्हें पीड़ा मिली, वह पीड़ा प्रेम के कारण न मिली, वह तुम्हें अहंकार के कारण मिली। प्रेम से तो सुख ही मिला। इतने अहंकार के होते हुए भी थोड़ा सा सुख मिला, यह चमत्कार है। लेकिन प्रेम के कारण कभी दुनिया में कोई दुख किसी को मिला नहीं। अगर तुमने समझा, प्रेम के कारण दुख मिला, तो फिर तुम वस्तुओं के प्रेम में लग जाओगे। क्योंकि वहां फिर कोई दुख नहीं है। लेकिन अगर तुम्हें यह समझ में आ गया, कि दुख मिला अहंकार के कारण। और अहंकार कैसे समर्पित करोगे दूसरे अहंकार को? दूसरा अहंकार बांधा देता है समर्पण में।

जारी...

# लौकी का भरता खाने से सेहत को मिलते हैं ये 5 फायदे

लौकी में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए, कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और फाइबर अधिक मात्रा में होता है। लौकी में मौजूद तत्व शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। लौकी को जूस, सब्जी आदि के रूप में खाया जाता है, लेकिन आप चाहें तो लौकी का भरता बनाकर भी खा सकते हैं। लौकी का भरता स्वादिष्ट होने के साथ ही काफी पौष्टिक भी होता है। लौकी का भरता खाने से वजन को नियंत्रण में रखा जा सकता है, साथ ही शरीर में पानी की पूर्ति भी होती है। लौकी डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए भी उपयोगी होता है। पर आपको लेख के माध्यम से रोजाना एक खास जानकारी दे रहे हैं। आज के इस लेख में हम लौकी का भरता खाने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। चलिए, विस्तार से जानते हैं लौकी का भरता खाने से कौन-कौन से लाभ मिलते हैं। लौकी का भरता खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। साथ ही यह पोषक तत्वों का भी भंडार है, इसे खाने से कई समस्याओं से छुटकारा मिलता है।




1. स्ट्रेस कम होता है
लौकी खाने से स्ट्रेस कम होता है। लौकी में पानी अधिक मात्रा में होता है, इससे शरीर ठंडा रहता है। साथ ही लौकी में सेडेटिव प्रॉपर्टीज होती है, इससे शरीर रिलैक्स रहता है।

2. वजन कम करे घीया या लौकी को वजन कम करने के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। वैसे तो वजन कम करने के लिए लौकी का जूस पीने की सलाह दी जाती है, लेकिन आप चाहें तो लौकी का भरता भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। लौकी में फाइबर होता है, इसे खाने से जल्दी से भूख नहीं लगती है और वजन कंट्रोल में रहता है।


3. डाइजेशन में फायदेमंद
लौकी डाइजेशन में भी काफी फायदेमंद होता है। लौकी में मौजूद तत्व डाइजेशन में सहायक होता है। लौकी में फाइबर होती है, जो पाचन क्रिया में सुधार करता है। गैस, एसिडिटी और कब्ज की समस्या से छुटकारा दिलाता है। पाचन से जुड़ी समस्या होने पर आप लौकी के भरते का सेवन कर सकते हैं।

4. स्किन के लिए फायदेमंद
लौकी त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।

5. शरीर को ठंडा रखे
लौकी का भरता शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। लौकी की तासीर ठंडी होती है, ऐसे में गर्मियों में इसका सेवन किया जा सकता है।

# अभिषेक बच्चन ने आलिया-रणबीर को दी शादी की बधाई





रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। दोनों शादी के बंधन में बंध गये हैं। रणबीर कपूर के निवास वास्तु में 14 अप्रैल को शादी सम्पन्न हुई, जिसमें परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल हुए। कपूर फैमिली ने शादी की तारीख को लेकर काफी सस्पेंस बनाकर रखा, मगर 13 अप्रैल को ब्रह्मास्त्र के वीडियो के साथ जब रणबीर और आलिया को नये सफर की शुरूआत के लिए बधाई दी गयी तो शादी की खबरों पर मुहर लग गयी। इस वीडियो को ब्रह्मास्त्र के निर्देशक अयान मुखर्जी, को-स्टार अमिताभ बच्चन और निमार्ता करण जौहर ने सोशल मीडिया में शेयर करके रणबीर-आलिया को विश किया।

अब अपनी फिल्म दसवीं के लिए चचाओं में छाये अभिषेक बच्चन ने जागरण डॉट कॉम से एक्सक्लूसिव बातचीत में दोनों को अपने खास अंदाज में शादी के लिए बधाई दी है। अभिषेक से जब पूछा गया कि रणबीर और आलिया की शादी और जोड़ी के बारे में वो क्या सोचते हैं तो दसवीं एक्टर ने कहा- हमारे सोचने से क्या होगा। दोनों खुश रहें। मस्त रहें और साथ रहें। बस यही प्रार्थना करेंगे

कपूर फैमिली और बच्चन परिवार के बीच काफी करीबी रिश्ता रहा है, खासकर ऋषि कपूर के साथ। अमिताभ और अभिषेक, दोनों ने दिवगंत ऋषि कपूर के साथ फिल्में की हैं। ऋषि के साथ अभिषेक 2015 में रिलीज हुई फिल्म ऑल इज वेल में भी नजर आये थे।

रणबीर-आलिया की शादी के फंक्शंस बुधवार 13 अप्रैल से शुरू हुए थे। मेहंदी और हल्दी सेरेमनी रणबीर के घर वास्तु पर ही हुई थीं।

# मुंबई की लगातार पांचवीं हार पंजाब ने 12 रन से जीता मुकाबला

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के 23वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स के साथ हुआ। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हो रहो इस मुकाबले में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ओपनर शिखर धवन के धमाकेदार 70 और कप्तान मयंक के तूफानी 52 रन के दम पर टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 198 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई की टीम 186 रन ही बना पाई। यह टीम की टूनार्मेंट में लगातार पांचवीं हार है। अब तक रोहित शर्मा की टीम को पहली जीत का इंतजार है। 199 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई को पहला झटका कप्तान रोहित शर्मा के




रूप में लगा। 28 रन बनाकर कगिसो रबादा की गेंद पर वैभव अरोड़ा को कैच दे बैठे। इसके ठीक बाद 3 रन के स्कोर पर इशान किशन अभी अपना विकेट गंवा बैठे। दो विकेट गिरने के बाद डेवाल्ड ब्रेविस और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला। दोनों ने ताबड़तोड़ रन बरसाते हुए 10 ओवर में स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। महज 25 गेंद पर 5 छक्के और 4 चौके जमाते हुए 49 रन तक पहुंचने वाले ब्रेविस को अर्शदीप ने ओडीन स्मिथ के गेंद पर कैच किया।अच्छी लय में नजर आ रहे तिलक वर्मा 36 रन बनाने के बाद रन आउट होकर वापस लौटने को मजबूर हो गए।अनुभवी कीरोन पोलार्ड मिस फील्डिंग पर रन चुराने के चक्कर में रन आउट होकर वापस लौटे। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने कुछ अच्छे शाट लगाकर टीम को मैच में बनाए रखा।

लेकिन 43 रन पर रबादा ने उनको स्मिथ के हाथों कैच करवा पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद नीचले क्रम के बल्लेबाज स्कोर के करीब जाने की कोशिश में लगे रहे लेकिन टीम करीब पहुंचकर भी जीत नहीं पाई। शिखर धवन और मयंक अग्रवाल ने पंजाब के पारी की शुरूआत धमाकेदार अंदाज में की और 5 ओवर में 53 रन जोड़ डाले। पावरप्ले का खेल खत्म होने तक दोनों ने कुल 65 रन जोड़ डाले। मयंक ने 21 गेंद पर 38 तो धवन ने 15 गेंद पर 18 रन बनाए। धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मयंक ने महज 30 गेंद पर 6 चौके और 2 छक्के जमाते हुए अपने पचास रन पूरे किए। 32 गेंद ताबड़तोड़ 52 रन की पारी खेलकर मुरुगन अश्विन की गेंद पर सूर्यकुमार की कैच पर वो आउट होकर वापस लौटे।

जानी बेयरस्टो 12 रन बनाकर जयदेव उनादकट के शिकार बने। इसके ठीक बाद टाप फार्म में चल रहे लियाम लिविंग्स्टोन को 2 रन पर जसप्रीत बुमराह ने आउट कर दिया। आखिर में जतिन शर्मा ने 15 गेंद पर 30 रन की पारी खेलकर टीम के स्कोर को 198 रन तक पहुंचाया। मुंबई की टीम ने प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है। रमनदीप की जगह पर टाइमल मिल्स को जगह दी गई है। पंजाब की टीम बिना किसी बदलाव के उतरी है। मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, लियाम लिविंगस्टोन, जानी बेयरस्टो (विकेटकीपर), जितेश शर्मा, शाहरुख खान, ओडियन स्मिथ, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, वैभव अरोड़ा, अर्शदीप सिंह।

## हार्दिक के सामने होंगे संजू सैमसन, राजस्थान और गुजरात के बीच दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद

**मुंबई :** हार्दिक पांड्या की गुजरात टाइटंस और संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रायल्स के बीच गुरुवार को होने वाला आइपीएल मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, जिसमें दोनों के पास गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन है। राजस्थान का इस सत्र में गेंदबाजी आक्रमण सर्वश्रेष्ठ में से एक रहा है जिसमें उनके सभी स्पिनरों और तेज गेंदबाजों ने सटीक प्रदर्शन किया है। अनुभवी ट्रेंट बोल्ट का नई गेंद से दमदार प्रदर्शन जारी है और वह स्लाग ओवर में भी इतने ही प्रभावशाली रहे हैं।लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उनका शुरूआती स्पैल कातिलाना रहा, जिसमें उन्होंने पहले ही ओवर में कप्तान लोकेश



राहुल और कृष्णप्पा गौतम के विकेट झटक लिए।

प्रसिद्ध कृष्णा ने भी झलक दिखाई कि उन्हें भारतीय क्रिकेट की अगली तेज गेंदबाजी सनसनी के रूप में क्यों देखा जा रहा है। बोल्ट के साथ दोनों ने रफ्तार और आक्रामकता के साथ गेंदबाजी की है।वहीं नए खिलाड़ी कुलदीप सेन ने भी साबित किया कि वह भी बड़े खिलाड़ियों के साथ खेलने का माद्दा रखते हैं। अपने पदार्पण मैच में उन्होंने काफी दबाव में गेंदबाजी की और लखनऊ के खिलाफ अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव किया।

## पंजाब के खिलाफ मैच में रोहित बना सकते हैं ये खास रिकार्ड, कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में जब पंजाब के सामने मुंबई की टीम उतरेगी तो उसके सामने पिछले चार मैच में हुई गलतियों को भूलकर एक नए सिरे से शुरूआत करने की जिम्मेदारी होगी। टीम के साथ-साथ कप्तान रोहित शर्मा के लिए भी ये मैच बेहद खास होने वाला है। इस मैच में कई ऐसे रिकार्ड हैं जिन्हें रोहित हासिल कर सकते हैं। वे टी20 क्रिकेट में 10,000 रन पूरा करने से महज 25 रन पीछे हैं। यदि उनके बल्ले से इस मैच में रन निकलता है तो वो न केवल उनकी टीम के लिए बल्कि उनके लिए भी फायदेमंद साबित होगी। वे



विराट कोहली के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे जिनके नाम टी20 क्रिकेट में 10,000 रन हैं। वर्ल्ड क्रिकेट की बात करें तो वे ऐसा करने वाले 7वें बल्लेबाज बन जाएंगे।इतना ही नहीं रोहित के बल्ले से आइपीएल में अर्धशतक निकले हुए 12 इनिंग्स का लंबा वक्त हो गया है जिसे वो पंजाब के खिलाफ दूर करना चाहेंगे। हालांकि ये आसान नहीं होगा क्योंकि आइपीएल 15 का सीजन उनके और उनकी टीम के लिए अच्छा नहीं रहा है। जहां एक तरफ अब तक खेले गए 4 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है तो वहीं रोहित का बल्ला भी खामोश रहा है।

# वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के पास तेज रफ्तार कार का कहर, एक की मौत तीन घायल

**मुंबई।** मुंबई कफ परेड इलाके में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के पास मंगलवार को तेज रफ्तार एसयूवी कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना मंगलवार दोपहर 1:50 बजे डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स के गेट नंबर 4 और 6 के पास हुई, जिसमें एक एसयूवी के ड्राइवर ने पहले गेट नंबर 4 पर एक कार को टक्कर मार दी और फिर गेट नंबर 6 पर दो वाहनों में टक्कर मार दी, जिसमें एक वरिष्ठ क्लर्क की मौत हो गई। इस घटना में दो वरिष्ठ बैंकरों सहित तीन लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान प्रसेनजीत ढडसे (36) के रूप में की गई है, जबकि गंभीर रूप से घायलों में 43 वर्षीय आरबीआई सहायक महाप्रबंधक और एसबीआई कैपिटल के 35 वर्षीय सहायक उपाध्यक्ष शामिल हैं। वाहन चालक की पहचान मुकेश प्रदीप सिंह के रूप में की गई है। मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। कफ परेड पुलिस मामले की और जांच कर रही है। मिली




जानकारी के अनुसार आरोपी चालक दो दिन पहले ड्यूटी पर आया था। डब्ल्यूटीसी में अपने नियोक्ता को छोड़ने के बाद, वह अपने रिश्तेदारों से मिलने गया, जो पास में रहते हैं। लौटते समय हादसा हुआ। वह तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। राहगीरों और स्थानीय लोगों के बड़ी संख्या में जमा होने के कारण आरोपी चालक भाग नहीं सका। पुलिस ने बताया कि वह नशे में था।मृतक प्रसेनजीत ढडसे (36) नवी मुंबई के पास में स्थित महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण में आया था। जबकि इस घटना में घायल हुआ विश्वास 10 दिन पहले ही कोलकाता से एसबीआई में ड्यूटी ज्वाइन करने आया था। मरीज की हालत गंभीर है, उसके पेट में गंभीर चोट लगी है। बॉम्बे अस्पताल के डॉ गौतम भंसाली ने कहा, उनके हाथ और पैर में भी फ्रैक्चर हुआ है।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY

Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala : 8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ईमेल: newsicon2021@gmail.com newsicon.net